# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026





HERE SUCCESS IS A HABIT!
TOTAL NO. OF SELECTIONS 35/57
Mentor: Nitin K Namdeo
ATTENTION ALL ASPIRANTS !
सिविल में जज 200+ से ज्यादा और ADPO में 150+ से ज्यादा चयन देने वाली संस्थान
छत्तीसगढ सिविल जज 2024 टॉप 22 में से टॉप 13
चाणक्य लॉ एकेडमी से...
CONGRATULATIONS ALL ACHIVERS OF 2024
(CLASSROOM / TEST SERIES / INTERVIEW PROGRAM)
3rd Rank AYUSH CHAURASIA
5th Rank EKANSH AGRAWAL Classroom Program
8th Rank KARTIKI AWANTIKA Classroom Program
9th Rank APEKSHA SINGHAI Classroom Program
11th Rank SIMARPREET SALUJA Classroom Program
12th Rank Dipanshi Jain Classroom Program
13th Rank Kusumanjali Sinha TEST SERIES
14th Rank Ankit Nande Classroom Program
15th Rank Himalaya Ravi Classroom Program
16th Rank Raushan Ku. Pathak INTERVIEW
17th Rank Tripti Agrawal Classroom Program
20th Rank Hrishita Agrawal Classroom Program
21st Rank Durgesh Nandini Marawi Classroom Program
23rd Rank Shrishti Sonkala Classroom Program
24th Rank Nagendra Singh TEST SERIES
25th Rank Leeza Pal Classroom Program
26th Rank Pragya Vaishnav Classroom Program
27th Rank Shreya Ormalia Classroom Program
30th Rank Yashwant Dewangan Classroom Program
31st Rank Richa Rennie Tigga Classroom Program
32th Rank Samriddhi Joshi Classroom Program
33rd Rank Saurabh Ku. Tarar Classroom Program
34th Rank Rashi Kankarwal INTERVIEW
35th Rank Jyoti Sharma Classroom Program
40th Rank Priya Somawar Classroom Program
41st Rank Komal Kriti Uraon Classroom Program
43rd Rank Megha Paleshwar Classroom Program
45th Rank Shivani Daharia INTERVIEW
46th Rank Teshank Dhruw Classroom Program
48th Rank Deeppal Ajgalley Classroom Program
49th Rank Hemant Prasad Classroom Program
50th Rank Ritu Netam Classroom Program
51st Rank Yash Mourya Classroom Program
52th Rank Apoorva Markam Classroom Program
56th Rank Angel Singh Classroom Program
CP clat possible
NOW IN RAIPUR
CLAT POSSIBLE ?
WITH "CLAT POSSIBLE"
IN ASSOCIATION WITH CHANAKYAA LAW ACADEMY
Opening From March
REGISTRATION OPEN
Contact: 9243005345
CLAT I AILET I CUET (UG/PG)
Khanna
Head Office:
28/1 "CHANAKYA TOWER"
Anand Nagar Main Road,
Infront of Marine Drive
(Telibandha Talab),
Telibandha Raipur (C.G.)
Mo.: 9243005345 / 9243006345
THE CHANAKYAA®
LAW ACADEMY RAIPUR
A UNIT OF NAMDEO STUDY CIRCLE LLP
CP clat possible
Administrator Office:
Rathi Tower, Near Vivekanand Eye
Hospital, Infront of Vivekanand
Sarovar (Budha Talab), Main Road,
Bramhpuri, Raipur, Mo: 79093-89999
chanakyaalawacademy@gmail.com,
www.chanakyaalawacademy.com

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹117077/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹142990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹156087/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

# राज्यसभा के लिए भाजपा का पैनल तैयार, कांग्रेस की बैठक का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव ऐलान हो गया है। सदन में संख्या बल के आधार पर एक सीट कांग्रेस और दूसरी भाजपा को जाना तय है। भाजपा ने एक कदम आगे बढ़ते हुए दावेदारों के नामों का पैनल बना लिया है। पार्टी ने अनुसूचित जाति, सामान्य और पिछड़ा वर्ग के नेताओं को पैनल में जगह दे दी है। कांग्रेस में अब तक नामों पर केवल चर्चाएं ही हैं। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा हरियाणा की तर्ज पर दो सीटों के लिए उम्मीदवार उतार सकती है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद को राज्यसभा की दौड़ से बाहर होने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं विधायक हूं और राष्ट्रीय महासचिव भी, इसलिए राज्यसभा की दौड़ में नहीं हूं।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा के उम्मीदवारों के नाम का ऐलान दिल्ली से ही होना है। छत्तीसगढ़ भाजपा और कांग्रेस संगठन यहां से पैनल बनाकर हाईकमान के पास भेजेंगे। उम्मीदवारी का ऐलान हाईकमान करेगा। भाजपा इस मामले में कांग्रेस से आगे चल रही है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

## भाजपा ने एससी, सामान्य, ओबीसी वर्ग के सात को किया शामिल

भाजपा | कांग्रेस



गौरीशंकर अग्रवाल | सरोज पांडेय | डॉ. चरणदास महंत | मोहन मरकाम

### ये है भाजपा का पैनल

*राज्य भाजपा इकाई ने इस चुनाव के लिए जो पैनल तैयार किया है उसमें एससी, सामान्य और ओबीसी वर्ग के नेता शामिल किए गए हैं। एससी वर्ग से पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व विधायक नवीन मारकंडेय गंगूराम बघेल की पुत्री किरण बघेल का नाम है। वहीं सामान्य वर्ग से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रबल प्रताप जूदेव, वरिष्ठ नेत्री सरोज पांडेय का नाम है, वे पूर्व में भी राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। ओबीसी वर्ग से पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल पैनल में शामिल किया गया है।*

### भाजपा उतार सकती है दो प्रत्याशी

*राज्य सभा चुनाव को लेकर भाजपा अंदरखाने में एक और बड़ी सियासी तैयारी में जुटी है। सूत्रों के अनुसार पार्टी दो सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए दो प्रत्याशी भी उतार सकती है। बताया गया है कि इस प्रकार का दांव 90 विधानसभा सीटों वाले हरियाणा में खेल चुकी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। वर्तमान में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक विधायक हैं। दो सीटों पर चुनाव होना है। राज्यसभा चुनाव के तय फार्मूले के अनुसार जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### भूपेश ने खुद को बताया दौड़ से बाहर

*पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद को राज्यसभा की दौड़ से बाहर बताया है।*



*उन्होंने कहा, मैं वर्तमान विधायक हूं, महामंत्री भी हूं, मैं इस दौड़ में नहीं हूं। हाईकमान तय करेगा कि प्रत्याशी कौन होगा, क्योंकि छत्तीसगढ़ में एक सीट कांग्रेस की और* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## शीर्ष कमांडर और प्रमुख रणनीतिकार ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

# नक्सलवाद की रीढ़ 'देवजी' का सरेंडर, एक करोड़ का इनामी, साथियों ने भी डाले हथियार

*माओवादी संगठन के शीर्ष कमांडर और प्रमुख रणनीतिकार तिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी ने तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। देवजी पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। माना जाता है कि देवजी (62) ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी- माओवादी (भाकपा-माओवादी) के दिवंगत महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु का स्थान लिया था, जिसकी मई 2025 में मृत्यु हो गई थी। इस बीच, देवजी के एक भाई ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे अब उनसे मिल पाएंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/हैदराबाद

देवजी तेलंगाना के जगतियाल जिले का निवासी है। उसके आत्मसमर्पण को प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए झटका माना जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक शीर्ष माओवादी मल्ला राजी रेड्डी और भाकपा(माओवादी) के कई कार्यकर्ताओं ने भी आत्मसमर्पण किया है। अधिकारी ने बताया कि इन माओवादियों का आत्मसमर्पण केंद्र सरकार द्वारा देश से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए निर्धारित मार्च 2026 की समय सीमा से कुछ दिन पहले हुआ है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### देवजी के भाई ने जताई खुशी, कहा- अब वे उनसे मिल पाएंगे




### 1983 में भूमिगत हो गया था देवा

देवजी 1983 में, भाकपा माले (पीडब्ल्यूजी) में शामिल हुआ और भूमिगत हो गया। सूत्रों के अनुसार, 1983-1984 के दौरान उसने गढ़चिरोली दलम में दलम सदस्य के रूप में काम किया और 1985 में उसे क्षेत्रीय समिति सदस्य के पद पर पदोन्नत किया गया। इसके बाद 2001 में उसे केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में पदोन्नत किया गया और 2016 में वह सीएमसी का प्रभारी था।

### 'केजीएच 2' नामक व्यापक अभियान

*केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने 17 फरवरी को छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के साथ नम्बी और कोरगोटालू हिल्स (केजीएच), जिसे करेंगुट्टा हिल्स के नाम से भी जाना जाता है, जैसे क्षेत्रों में 'केजीएच 2' नामक एक व्यापक अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने पहले बताया था कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर, देवजी,* ▶▶| शेष पेज 5 पर

# दंतेवाड़ा में बचे सिर्फ 15 नक्सली सरेंडर नहीं करने पर मारे जाएंगे, ढूंढा जा रहा ठिकाना

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 3

केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छग के छह जिले में दंतेवाड़ा भी शामिल है। दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है, यही वजह है कि बीते दो साल में 53 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया। इन पर करोड़ों रुपए का ईनाम घोषित था। हालांकि इस वर्ष नक्सलियों के साथ कोई मुठभेड़ नहीं हुई है, लेकिन वर्ष 2024 और 25 की बात करें तो फोर्स को नक्सल उन्मूलन में कई बड़ी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### दो साल में चार शीर्ष नक्सलियों के साथ 53 ढेर



### 25 माह में 569 ने किया आत्मसमर्पण

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे के एलान के बाद दंतेवाड़ा जिले में रिकार्ड 569 नक्सली समर्पण कर चुके है। वर्ष 2024 में 234, 2025 में 272 तथा वर्ष 2026 में अब तक 63 नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके है। इन दो वर्षों में अलग अलग इलाकों से 92 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बरामद हथियारों की बात करें तो बीते* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### पांच करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

**अहमदाबाद।** भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के पास अरब सागर में एक विदेशी नौका से लगभग पांच करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी सिगरेट के 200 कार्टन जब्त किए। इस संबंध में चार ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। यह अभियान शनिवार को द्वारका तट के पास चलाया गया, जहां अल मुख्तार नामक एक जहाज से विदेशी कंपनी की सिगरेट के लगभग एक लाख पैकेट वाले 200 कार्टन जब्त किए गए।

### कोशी प्रांत में भूकंप के हल्के झटके महसूस

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, 4.1 तीव्रता का यह भूकंप सुबह सात बजकर 31 मिनट पर आया। इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रिताक क्षेत्र में स्थित था। संखुवासभा जिला राजधानी काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पड़ोसी तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए।

## यौन शोषण के गंभीर आरोप

# अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य पर पास्को के तहत एफआईआर

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

- जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने लगाया आरोप

प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग समेत दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी शनिवार देर रात दर्ज की गयी। इससे पहले प्रयागराज की पॉक्सो अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन



शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद के अलावा दो-तीन अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, वादी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने दावा किया कि हाल में प्रयागराज में संपन्न माघ मेले में उनके ट्रस्ट द्वारा आयोजित ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कोर्ट के आदेश पर जांच शुरू

शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने पहले झूंसी पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित अभ्यावेदन सौंपे थे, लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें अदालत का रुख करना पड़ा। अदालत के निर्देश के बाद झूंसी पुलिस थाने ने शनिवार देर रात प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस की ओर से तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### इधर, अखिलेश ने सरकार को घेरा

*समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य विमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि यह एफआईआर शंकराचार्य को अपमानित करने के उद्देश्य से दर्ज की गई है। इसमें 20 साल पुरानी घटना का जिक्र किया गया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार को हर बात 20 साल बाद याद आती है, जैसे वह अंधेरे में फिल्म देखती है। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पहले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान से रोका गया था, जो कि सनातन धर्म की परंपरा के खिलाफ था।*

## रायपुर पहुंचे चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा

# खुद को समाज से अलग नहीं कर सकते न्यायालय, जो करता है, वह जोखिम उठाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

न्यायालय स्वयं को समाज से पृथक नहीं कर सकते। जो न्यायालय स्वयं को सीमित कर लेता है वह अप्रासंगिक होने का जोखिम उठाता है। प्रत्येक न्यायाधीश को अपने दायित्व में एक संरक्षक के रूप में दृढ़ रहना चाहिए। प्रत्येक न्यायाधीश को सिद्धांतों में अडिग, आचरण ▶▶| शेष पेज 5 पर



### सम्मान आत्मचिंतन का अवसर

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, सम्मान के अवसर सामूहिक गौरव के क्षण होते हैं। ये संस्थाओं को एक-दूसरे को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करते हैं। ये केवल कृतज्ञता ही नहीं, बल्कि आत्मचिंतन के भी अवसर होते हैं। समारोह में मुख्य ▶▶| शेष पेज 5 पर

### न्यायालय रक्षा करने वाले आधुनिक किले

चीफ जस्टीस ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य भारत की विविधता का लघु रूप है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### अधिवक्ता समुदाय के लिए प्रेरणा

छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने न्यायमूर्ति का स्वागत करते हुए कहा, सीजेआई की संवैधानिक मूल्यों तथा न्यायिक निष्पक्षता के प्रति गहन प्रतिबद्धता संपूर्ण न्यायिक समुदाय को प्रेरित करती है। उनकी उपस्थिति छत्तीसगढ़ की न्यायपालिका के लिए गौरव और प्रेरणा के स्रोत हैं। वहीं, न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा का व्यक्तित्व विधि के शासन के ▶▶| शेष पेज 5 पर



*हिमाचल प्रदेश की फिजाओं में जल्द ही बारूद की गंध और कमांडो के कदमताल सुनाई देंगे। भारत और अमेरिका की सेनाएं एक साथ मिलकर दुश्मन को धूल चटाने की तैयारी करेंगी। राज्य के बकलोह में आज 23 फरवरी से 'वज्र प्रहार' एक्सरसाइज शुरू होने जा रही है। यह संयुक्त अभ्यास 16 मार्च तक चलेगा। इसमें दोनों देशों की स्पेशल फोर्स अपनी ताकत दिखाएंगी।*

# आज से वज्र प्रहार एक्सरसाइज, पहाड़ों में गरजेंगे भारत-अमेरिका के एलीट कमांडो...!

## दुश्मन के लिए खतरे की घंटी, 23 फरवरी से 16 मार्च तक संयुक्त अभ्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बता दें कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्तों में भले ही उतार-चढ़ाव रहे हों, लेकिन रक्षा संबंध अटूट हैं। डिफेंस डिप्लोमेसी पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। दोनों देशों की मिलिट्री के बीच तालमेल लगातार बेहतर हो रहा है। 'वज्र प्रहार' एक्सरसाइज की शुरुआत साल 2010 में हुई थी। यह दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित होती है। इसमें केवल एलीट कमांडो ही हिस्सा लेते हैं।

### आतंकवादियों के खिलाफ सीखेंगे युद्ध कौशल

इस अभ्यास का मुख्य मकसद आतंकवाद के खिलाफ लड़ना है। कमांडो पहाड़ी इलाकों में गुप्त ऑपरेशन को अंजाम देने की प्रैक्टिस करेंगे। पिछले अभ्यासों में एयरबोर्न ऑपरेशन्स, पैरा-ड्रॉप और लंबी दूरी से सटीक निशाना लगाने की ट्रेनिंग दी गई थी। इस बार भी पारंपरिक और गैर-पारंपरिक युद्ध के तरीकों पर जोर रहेगा। कमांडो मुश्किल हालात में भी मिशन पूरा करना और आपसी तालमेल बैठाना सीखेंगे।



### बकलोह ही क्यों चुना गया?

हिमाचल का बकलोह स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग का पुराना और अहम केंद्र है। यहाँ के पहाड़ और कठिन रास्ते जवानों को असली जंग जैसा अनुभव देते हैं। सेना के एक अधिकारी के मुताबिक, यह अभ्यास सिर्फ ट्रेनिंग तक सीमित नहीं है। यह बदलते ग्लोबल माहौल में जॉइंट ऑपरेशन्स की तैयारी का हिस्सा है। इसमें ऑपरेशनल टैक्टिक्स और युद्ध की आधुनिक तकनीकों पर फोकस किया जाएगा।

### ट्रेड डील के बाद पहला बड़ा एक्सरसाइज

यह अभ्यास भारत-अमेरिका ट्रेड डील के तुरंत बाद हो रहा है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करेगा। ट्रेड डील से जहां व्यापार बढ़ेगा, वहीं सैन्य सहयोग से सुरक्षा संबंध मजबूत होंगे। यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बदलते भू-राजनीतिक माहौल में दोनों देशों की रणनीतिक एकजुटता दिखाता है।

### क्या-क्या होगा एक्सरसाइज में?

- फोकस एरिया : हाई-ऐल्टीट्यूड में लड़ाई, स्पेशल ऑपरेशंस की प्लानिंग, खुफिया जानकारी साझा करना और सटीक हमले
- ट्रेनिंग : मुश्किल पहाड़ी इलाके और मौसम में सैनिकों की टेस्टिंग
- उद्देश्य : आतंकवाद और स्पेशल मिशन्स में दोनों सेनाओं का बेहतर तालमेल

### क्यों है यह खास?

- रणनीतिक संकेत : इंडो-पैसिफिक में चीन जैसे चुनौतियों के बीच दोनों देश एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं
- क्षमता बढ़ोतरी : स्पेशल फोर्सेज की ट्रेनिंग से दोनों सेनाएं मुश्किल हालातों में बेहतर काम कर सकेंगी
- संदेश : आतंकवाद और क्षेत्रीय खतरे के खिलाफ मजबूत साझेदारी

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी सेना के जवान सहित छह गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने हेरोइन तस्करी के एक संगठित गिरोह का रविवार को भंडाफोड़ करते हुए सेना के एक जवान और राज्य पुलिस के एक बर्खास्त पुलिसकर्मी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी के कई मामलों से शामिल हैं। आरोपियों से करीब 4.8 किलोग्राम हेरोइन, एक हथियार, एक थार (एसयूवी) और एक 'एक्सयूवी' बरामद की है।

### महाराष्ट्र की छात्रा चेन्नई के समुद्र तट पर डूबी

**नागपुर।** चेन्नई में समुद्र में उतरने के बाद महाराष्ट्र की एक छात्रा डूब गई और एक अन्य छात्र लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई। छात्र दल यहां घूमने आया था। सीएमओ के अनुसार, महाराष्ट्र के भंडारा जिले की रहने वाली मयूरी चौधरी समुद्र में डूब गई, जबकि जय पाटिल लापता हो गया। पाटिल की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ के अनुसार, एक अन्य छात्र राज केदारी को बचा लिया गया। तमिलनाडु सरकार से मिली जानकारी के हवाले से 'एक्स' पर बताया कि 26 विद्यार्थियों का एक समूह चेन्नई के गोल्डन बीच पर घूमने गया था, जहां उनमें से तीन विद्यार्थी समुद्र में उतरे थे।

### चोरी के शक में भीड़ ने युवक को पीटकर मार डाला

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले में वाहन से बैटरी चुराने की कोशिश करने के संदेह में भीड़ ने 22 वर्षीय एक युवक को कथित तौर पर पीटकर मार डाला। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। यह घटना शनिवार देर रात पड़वा थाना क्षेत्र के तेलियाही गांव में हुई। मृतक की पहचान पवन राम के रूप में हुई है, जो इसी थाना क्षेत्र के मुरमा गांव का निवासी था। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि वाहन की बैटरी चुराने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया है।

## आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से हुई गिरफ्तारी

# निशाने पर लाल किला और मंदिर, एआई समिट के बीच दिल्ली आए 8 संदिग्ध पकड़ाए

सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश का भंडाफोड़ करते हुए पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने खुलासा किया कि चार संदिग्ध 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के बीच दिल्ली पहुंचे थे और उन्होंने 'फ्री कश्मीर' के पोस्टर लगाए। शहर के कई इलाकों में रेकी भी की थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोग बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं और उन्हें आईएसआई से फंडिंग मिल रही थी। ये सभी संदिग्ध सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि ये लोग भारत के अलग-अलग हिस्सों में हमलों की साजिश रच रहे थे। 8 में से चार लोगों का एक ग्रुप दिल्ली आया और एआई समिट के दौरान मेट्रो स्टेशन पर फ्री कश्मीर और दूसरे विवादित पोस्टर लगाए। इसके बाद वे वापस तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल चले गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक हैं और उन्होंने जाली आधार कार्ड बनवा रखा है।



### आरोपियों ने कई शहरों की रेकी की थी

दिल्ली पुलिस ने कहा, यह ऑपरेशन आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने वाले ऑनलाइन पोस्ट की जांच के बाद किया गया, जिसके बाद टीम स्थानीय पुलिस की मदद से तिरुपुर पहुंची। जांच करने वालों ने पाया कि 6 लोग इलाके के कपड़ा कारखानों में काम कर रहे थे और उनके पास नकली आधार कार्ड थे। आतंकवादियों की मदद करने के शक में इन आरोपियों ने कई शहरों की रेकी की थी। जांच जारी है।

### कौन हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी?

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबाहत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है। सभी को तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया है। इनमें उथुकुली से 2, पल्लडम से 3 और तिरुमुरुगनपूंडी से एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि ये पहचान छिपाकर कपड़ा कारखानों में काम कर रहे थे।पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 मोबाइल और 16 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

### दिल्ली में 'फ्री कश्मीर' पोस्टर लगाने का शक

*जांच एजेंसियों के अनुसार, इन संदिग्धों ने दिल्ली समेत कई बड़े शहरों की रेकी की थी। शक है कि इन लोगों ने 8 फरवरी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों और मेट्रो में कश्मीर से जुड़े पोस्टर लगाए थे। इन पोस्टरों पर 'फ्री कश्मीर' लिखा हुआ था। पुलिस का कहना है कि ये लोग पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा कर रहे थे। इन आरोपियों पर आतंकवादियों की मदद करने का शक है।*

### दिल्ली में जारी किया गया है अलर्ट

*खुफिया सूत्रों का कहना है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी दिल्ली के भीड़भाड़ वाले ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के आसपास हमले की साजिश रच रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत पुलिस या आपात सेवाओं को सूचना देने की अपील की है। खबर है कि आतंकवादी लाल किले और मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में आईईडी हमला करने की कोशिश कर सकते हैं।*

# भूपेन बोले- कांग्रेस असम में हारेगी चुनाव भाजपा में हुए शामिल

### कांग्रेस को पूर्वोत्तर में बड़ा झटका



एजेंसी ▶▶| दिसपुर

असम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भूपेन बोराह ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। बोराह ने कहा कि राज्य में कांग्रेस नेतृत्व को पता है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव हारने वाला है और उसके पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन भी नहीं है। बोराह ने असम स्थित भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने के बाद मेरा विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा और मैंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। बोराह ने कहा कांग्रेस का टिकट चाहने वाले लगभग 600 उम्मीदवार भाजपा में शामिल होने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि कांग्रेस में 32 साल बिताने के बाद पार्टी छोड़ने के पीछे शायद कुछ कड़वाहट रही होगी। आज से भाजपा में उनका नया जीवन शुरू होता है।

### बोराह ने कांग्रेस को लेकर स्पष्ट की स्थिति

बोराह ने कांग्रेस द्वारा न मनाए जाने के सवाल पर कहा, कांग्रेस के साथ मेरी बातचीत विफल रही क्योंकि मैंने पार्टी से असहज सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा, असम कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई के नेतृत्व में राज्य का नेतृत्व तुष्टीकरण पर केंद्रित है। ऐसे में मैं कांग्रेस में कैसे काम कर सकता हूं?

### भूपेन ने बताया भाजपा में शामिल होने का कारण

बोराह ने कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल होऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों का आत्मनिरीक्षण होगा और मुझे उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### कांग्रेस के पास नहीं है चुनाव लड़ने के पैसे- बोराह

बोराह ने दावा किया, कांग्रेस को सिर्फ मुस्लिम बहुल इलाकों की 25 सीटों में दिलचस्पी है। असम कांग्रेस धुबरी सांसद रकीबुल हुसैन से प्रभावित है। राज्य में पार्टी संभावित उम्मीदवारों से चंदा इकट्ठा कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने पूछा, कांग्रेस मुझे गद्दार कह रही है। पिछले राज्यसभा चुनाव में असम के विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग के खिलाफ उसने कार्रवाई क्यों नहीं की?

# एआई समिट बना टर्निंग प्वाइंट, दुनिया ने देखीं भारत की अद्भुत क्षमताएं...'

### मन की बात में पीएम मोदी ने शेयर किया एक्सपीरियंस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज, 'मन की बात' के 131वें एपिसोड के जरिये देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश की उपलब्धियों के बारे में बात की, जिसमें से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' भी रहा। उन्होंने बताया कि समिट में दुनिया ने भारत की अद्भुत क्षमताएं देखीं। दुनियाभर के उद्योग जगत के दिग्गज, इनोवेटर और स्टार्टअप से जुड़े लोग भारत मंडपम में जुटे।



यह समिट एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में एक टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। पीएम मोदी ने बताया कि इस समिट के जरिये उन्हें वैश्विक नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। उन्होंने एआई समिट की प्रदर्शनी में वैश्विक नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाईं।

### इन प्रोडक्ट ने वैश्विक नेताओं को किया प्रभावित

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समिट में दो प्रोडक्ट ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला प्रोडक्ट अमूल के बूथ पर था, जिसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24×7 एआई असिस्टेंट की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। दूसरा प्रोडक्ट हमारी संस्कृति से संबंधित रहा। वैश्विक नेता ये देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से भारत प्राचीन गंथ्रों और प्राचीन ज्ञान को पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, साथ ही आज की पीढ़ी के अनुरूप ढ़ाल रहे हैं।

## भारतीय भाषा पर्व...



**इंदौर।** भारतीय भाषा पर्व पर शामिल होने एकत्रित हुईं राजस्थान की महिलाएं आकर्षक परिधानों में।

### भाजपा विधायक को तीन मार्च तक जेल भेजा गया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में ठेकेदार से कथित तौर पर पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए भाजपा विधायक डॉ. चंद्रू लमानी को तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, शिरहट्टी से विधायक लमानी को शनिवार रात गडग से बेंगलुरु लाया गया और उन्हें विशेष सांसद/विधायक अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उन्हें तीन मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गडग जिले के चिंचाली निवासी ठेकेदार विजय पुजार की शिकायत के बाद लोकायुक्त अधिकारियों ने विधायक को कथित तौर पर रिश्वत लेते पकड़ा था। लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि कथित रिश्वत सिंचाई विभाग के कार्यों से संबंधित थी।

## 1 अप्रैल से बदल जाएंगे नियम, पर्यटकों की जेब पर पड़ेगा भारी बोझ

# हिमाचल जाना अब पड़ेगा महंगा, सरकार ने की एंट्री टैक्स में भारी बढ़ोतरी


एजेंसी ▶▶| शिमला

देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल हिमाचल घूमना अब पर्यटकों के लिए भारी पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के लिए नई बैरियर नीति अधिसूचित कर दी है। प्रदेश के आर्थिक संकट को देखते हुए राजस्व बढ़ाने के लिए एंट्री टैक्स की दरों में जबरदस्त इजाफा किया गया है। यह नई दरें वित्तीय वर्ष 2026-27 यानी 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी।

सरकार के इस फैसले से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सहित देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों को अब हिमाचल प्रवेश के लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी। केवल छोटे वाहन ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक और निर्माण कार्यों में लगे वाहनों की दरों में भी बदलाव किया है। हालांकि, हिमाचल के स्थानीय निवासियों को इस टैक्स से राहत मिलती रहेगी।

### निजी कारों और छोटे वाहनों पर दोगुनी मार

नई नीति के तहत सबसे ज्यादा असर निजी कार मालिकों पर पड़ेगा। पहले पर्यटकों को प्रवेश शुल्क के रूप में 70 रुपये देने होते थे, जिसे अब बढ़ाकर 170 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह 12+1 क्षमता वाले सवारी वाहनों का शुल्क भी 110 रुपये से बढ़ाकर 170 रुपये कर दिया गया है। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से राज्य के खजाने में करोड़ों रुपये का अतिरिक्त राजस्व जमा होगा।




### डबल डेकर बस छोड़, भारी वाहन व मशीनरी भी प्रभावित

सरकार ने भारी मालवाहक वाहनों का टैक्स 720 रुपये से बढ़ाकर 900 रुपये कर दिया गया है। जेसीबी जैसी निर्माण मशीनरी पर अब 570 रुपये के बजाय 800 रुपये शुल्क लगेगा। ट्रैक्टरों के लिए प्रवेश शुल्क 70 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया है। गौरतलब है कि डबल एक्सल बस और ट्रकों के लिए शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 570 रुपये पर स्थिर रहेगा।

### बैरियर्स पर लागू होगी फास्टटैग सुविधा

प्रवेश द्वारों पर लगने वाली लंबी लाइनों से निजात दिलाने के लिए परवाणू, मैहतपुर, कंडवाल, गरामोड़ा और बद्दी जैसे प्रमुख बैरियर्स पर फास्टटैग की सुविधा शुरू की जाएगी। बैरियर्स की नीलामी और सुचारू प्रबंधन के लिए जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में विशेष समितियां बनाई गई हैं। इससे टैक्स वसूली की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज होने की उम्मीद है।

### राजस्व बढ़ाने सरकार का बड़ा कदम

हिमाचल प्रदेश वर्तमान में गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकार विभिन्न माध्यमों से आय के स्रोत तलाश रही है। एंट्री टैक्स में यह बढ़ोतरी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। हालांकि, पर्यटन कारोबारियों को डर है कि शुल्क बढ़ने से सैलानियों की संख्या पर असर पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि 1 अप्रैल से लागू होने वाली ये दरें राज्य की अर्थव्यवस्था को कितनी मजबूती प्रदान करती हैं।

## भारत-पाक बॉर्डर पर खूनी खेल!

# पंजाब पुलिस के दो जवानों को गोलियों से भूना, मौत

### सरहद पर मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से एक बेहद सनसनीखेज और दुखद खबर सामने आई है। पंजाब पुलिस के दो जवानों की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह वारदात उस समय हुई जब जवान सरहद के करीब गश्त पर थे। चूंकि यह घटना अंतरराष्ट्रीय सीमा के बिल्कुल करीब हुई है, इसलिए इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या यह हमला ड्रोन के जरिए नशा तस्करी करने वाले गिरोह ने तो नहीं किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस घटना पर दुख जताते हुए डीजीपी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। दोषियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

### गश्त के दौरान हुआ अचानक हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों जवान अमृतसर सेक्टर के पास सीमावर्ती गांव में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दोनों जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गोलियों की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग और अन्य सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

रायपुर
सोमवार 23 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 214
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 34.8
न्यून. 20.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

कल बजट पेश करेंगे वित्तमंत्री ओपी चौधरी

# छग विस का सत्र आज से, पहली दफा राज्यपाल के अभिभाषण के दूसरे ही दिन बजट, 'कृतज्ञता' के लिए समय कम मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर







छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। सत्र की खास बात यह है कि राज्य बनने के बाद पहली बार विधानसभा सत्र में राज्य सरकार पहले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पटल पर रखेगी और दूसरे ही दिन मंगलवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। जानकारों का कहना है आमतौर पर ऐसा होता नहीं था। इससे अभिभाषण पर चर्चा का समय कम मिलेगा। राज्यपाल के अभिभाषण के कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर सदन में 25 फरवरी को चर्चा होगी। उसके बाद बजट पर सामान्य चर्चा 26-27 फरवरी को होगी। विधानसभा सत्र में ⏭ शेष पेज 5 पर

### ढाई हजार से अधिक सवाल

इस सत्र के लिए कुल 2813 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1437 एवं अतारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1376 है। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की 61 सूचनाएं, नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा के लिए 1 सूचना, अशासकीय संकल्प की कुल 13 सूचनाएं, शून्यकाल की 9 सूचनाएं और याचिका की 112 सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। अभी तक शासकीय विधि-विषयक कार्यों के अंतर्गत छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026, छत्तीसगढ़ लोक सुरक्षा प्रवर्तन विधेयक, 2026 पेश किए जाने की सूचना अब तक मिली है।

### विपक्ष लाएगा जनहित के मुद्दों पर स्थगन

*विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रदेश के कई जनहित के मुद्दों पर स्थगन भी लाया जाएगा। वहीं सत्तापक्ष की ओर से प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और वित्तीय प्रस्ताव सदन के पटल पर रखे जाएंगे। वहीं सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों पर भी चर्चा की गयी। विधानसभा में कांग्रेस बजट सत्र के दौरान धान खरीदी, कानून व्यवस्था और नई योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की पुरजोर कोशिश करेगी। इस दौरान धान खरीदी और उसके पूर्व पंजीयन को लेकर अपनाई गई प्रक्रिया, शहरों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, नशे का कारोबार, प्रशासनिक अराजकता, चौपाटी हटाने का मामला, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग में घटिया सड़क निर्माण, सीएसआईडीसी और उद्योग विभाग के मामले उठाए जाएंगे।*

## दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# पीएम मोदी बोले-कांग्रेस ने एआई समिट को अपनी 'गंदी और नंगी' राजनीति का अखाड़ा बना दिया

एजेंसी ⏭ मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में किए गए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि इस पार्टी ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और 'नंगी' राजनीति का अखाड़ा बना दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की यह हरकत इस बात को जाहिर करती है कि वह वैचारिक रूप से कितनी 'दिवालिया' और 'दरिद्र' हो गयी है।

प्रधानमंत्री ने मेरठ में नमो भारत रेल और मेरठ मेट्रो रेल विस्तार परियोजना समेत विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में कांग्रेस द्वारा हाल ही में दिल्ली में आयोजित 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट' में किए गए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उस पर तीखे प्रहार किये और उसके इस कार्य की 'आलोचना' करने के लिए कांग्रेस के सहयोगी दलों का आभार भी प्रकट किया। मोदी ने कहा कि जहां एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं देश में कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए, दुनिया के करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा देश गर्व से भर गया लेकिन कांग्रेस और ⏭ शेष पेज 5 पर

■ पीएम बोले- पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है

### कांग्रेस अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी

पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है।

### टीएमसी, द्रमुक, बसपा की भागीदारी नहीं

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), बहुजन समाज पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के इस पाप में इन दलों की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कांग्रेस के बेलगाम नेता देश को तबाह करने में जुटे हैं।



### पहले प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे

पीएम मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया।

### महिला सांसदों पर भी कही यह बात

प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है तो पहले आपको जनता के दिल जीतने होंगे। महिला सांसदों को भेज कर सीट पर कब्जा करने से आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो और माताओं-बहनों को इस प्रकार से आगे करने की क्या मजबूरी है आपकी? क्या इतने खोखले हो गए हो आप लोग? मोदी ने कहा कि कांग्रेस की हरकतों का यह सिलसिला लगातार चल रहा है और वह संसद में खुद 'परफॉर्म' नहीं कर पा रहे हैं तो अपने साथी दलों को भी बोलने का मौका नहीं दे रहे।

इधर, कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

### कहा-प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला

दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का आचरण असहमति जताने का वैध तरीका नहीं था, बल्कि यह सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला था, जिसने देश की 'कूटनीतिक छवि' को भी नुकसान पहुंचाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी तब की, जब भारत मंडपम में 'कमीज उतारकर' विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी अदालत में पेश किया गया।

## एफ-16 से मदरसा समेत सात ठिकानों पर दागी मिसाइल

# पाक की एयर स्ट्राइक, 19 की मौत अफगानिस्तान ने कहा-लेंगे बदला



एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद/काबुल

पाकिस्तान ने देश में हुए हालिया हमलों के बाद अफगानिस्तान में शनिवार रात कम से कम सात 'आतंकवादी ठिकानों' को निशाना बनाकर सैन्य कार्रवाई की, जिसके बाद अफगानिस्तान ने इसके जवाब में 'आवश्यक और सोच-समझकर कार्रवाई' करने की चेतावनी दी है। इस हमले में करीब 19 लोगों के मौत की खबर है। खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक सैनिक की मौत हो गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि इस्लामाबाद की शिया मस्जिद पर हमला और शनिवार को बन्नू में हुई घटना समेत आतंकवाद की ये घटनाएं कथित तौर पर ख्वारिज ने अफगानिस्तान स्थित अपने आकाओं और संचालकों के इशारे पर कीं।

### अफगानिस्तान भड़का, दी चेतावनी


इस बीच, अफगानिस्तान ने एक बयान में चेतावनी दी है कि पक्तिका और नंगरहार प्रांतों पर पाकिस्तानी हमलों का 'आवश्यक और सोच-समझकर जवाब' दिया जाएगा। हमारी सीमाएं और हमारे लोगों की सुरक्षा हमारा पवित्र धार्मिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है। हमलों का उचित समय पर आवश्यक और सोच-समझकर जवाब दिया जाएगा। अफगान मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की राष्ट्रीय संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून, पड़ोसियों के अच्छे संबंधों के सिद्धांतों और इस्लामी मूल्यों का 'स्पष्ट उल्लंघन' करार देते हुए कहा कि इन हमलों में आम नागरिक और धार्मिक केंद्रों को निशाना बनाया गया और उसने इसे पाकिस्तान के भीतर खुफिया और सुरक्षा विफलताओं का 'स्पष्ट प्रमाण' बताया।

### पाकिस्तान का क्या है आरोप

पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान सरकार अपनी जमीन से टीटीपी को काम करने से रोकने में नाकाम रही है. बयान में कहा गया कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए गए. पाकिस्तान ने दोहा समझौते का हवाला देते हुए कहा कि अफगान अंतरिम सरकार को अपनी जमीन किसी दूसरे देश के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देना चाहिए।

किश्तवाड़ में बड़ी कार्रवाई

# मुठभेड़ में मारे गए जैश के तीन आतंकवादी



एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकवादियों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के प्रारंभिक आकलन में पता चला है कि मृतकों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का एक कुख्यात कमांडर सैफुल्ला भी हो सकता है।

### कच्चे मकान में छिपे थे आतंकी

सेना ने कहा कि सटीकता, निर्बाध तालमेल और दृढ़ आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए, जवानों ने मुठभेड़ स्थल पर अपना दबदबा कायम किया, जहां तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी एक पहाड़ी की तलहटी में एक कच्चे मकान में छिपे हुए थे। उन्होंने आगे बढ़ रही सुरक्षा बलों की टीमों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

# ट्रंप के घर को उड़ाने पेट्रोल बम लिए घुसा हमलावर



**वाशिंगटन।** अमेरिका में फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो परिसर के बाहर रात के समय सुरक्षा उल्लंघन की गंभीर घटना हुई। यूएस सीक्रेट सर्विस और पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय के एक डिप्टी ने गोलीबारी की, जिसमें 20 साल के एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, युवक को परिसर की परिधि के नजदीक देखा गया था। उसके हाथ में एक फ्यूल कैन था और उसके पास शॉटगन जैसा दिखने वाला एक हथियार भी था।

# बजट सत्र से पहले कांग्रेस ने की बड़ी नियुक्तियां, लखेश्वर उपनेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी नियुक्तियां कीं। बस्तर से कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया। कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू को कांग्रेस विधायक दल का मुख्य सचेतक और ⏭ शेष पेज 5 पर

**दलेश्वर मुख्य सचेतक और दिलीप बने उप सचेतक**



### नियुक्तियों से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : महंत



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायी दल में की नई नियुक्तियों का सहर्ष स्वागत है। उन्होंने इस निर्णय के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव ⏭ शेष पेज 5 पर

**आज विधायक दल की बैठक**

वहीं नई टीम के साथ कांग्रेस अब और अधिक आक्रामक तरीके से साय सरकार को घेरने की तैयारी में है। इन बदलावों के साथ ही 23 फरवरी को शाम 4 बजे रायपुर स्थित राजीव भवन में कांग्रेस विधायक दल की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।

जांच एक-दो साल में पूरी करने पर जोर

# ईडी का टारगेट, एक साल में 500 चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चालू वित्त वर्ष में धनशोधन के मामलों में 500 आरोपपत्र दाखिल करने का लक्ष्य रखा है और जांच अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मामला दर्ज होने के बाद, 'जटिल' मामलों को छोड़कर, जांच एक से दो साल के भीतर पूरी की जाए। जांच एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन उपायों पर पिछले साल 19-21 दिसंबर को असम की राजधानी गुवाहाटी में आयोजित संघीय जांच एजेंसी के क्षेत्रीय अधिकारियों के 34वें त्रैमासिक सम्मेलन (क्यूसीजो) के दौरान चर्चा की गई और इन्हें अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता ईडी निदेशक राहुल नवीन ने की थी।

### अधिकारियों को ऐसी हिदायत

बयान के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों को यह भी बताया गया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत उन्हें दी गई शक्तियों का इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। उन्हें इनका प्रयोग 'सावधानी, निष्पक्षता एवं जवाबदेही' के साथ करना चाहिए।



## चिंतन

# ट्रेड डील पर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) पर अनिश्चितता एक बार फिर गहरा गई है। 23 से 26 फरवरी तक वाशिंगटन में होने वाली बैठक का टल जाना केवल एक तारीख का बदलना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों का संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी रुख में 24 घंटे के भीतर आए बदलावों ने इस अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। पहले सभी वैश्विक टैरिफ को समाप्त करने की बात, फिर 10% का सार्वभौमिक टैरिफ और उसके तुरंत बाद 15% का संशोधित टैरिफ यह क्रम बताता है कि अमेरिकी व्यापार नीति फिलहाल स्थिरता से दूर है। यह अस्थिरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक चुनौती से कम नहीं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है संयम, विवेक और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। मूल प्रस्ताव में भारत पर 18% टैरिफ लागू होने की बात थी। अब जब 15% का ग्लोबल टैरिफ प्रभावी हो रहा है, तो तकनीकी रूप से यह भारत के लिए अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस राहत को स्थायी माना जा सकता है? जब नीतिगत फैसले इतने कम समय में बदल रहे हों, तब किसी भी समझौते को अंतिम मान लेना जोखिम भरा हो सकता है। यदि अमेरिकी प्रशासन का रुख अस्थिर बना रहता है, तो भारत को हर शर्त का सूक्ष्म मूल्यांकन करना होगा, ताकि भविष्य में अचानक नीति परिवर्तन से भारतीय निर्यातकों को नुकसान न उठाना पड़े। प्रस्तावित समझौते में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे और विमान पार्ट्स पर जीरो टैरिफ की बात भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर हो सकती है। टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है। अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार भारतीय एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। विशेषकर फार्मास्यूटिकल सेक्टर, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति रखता है, उसे बेहतर शर्तों के साथ प्रवेश मिलने से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होंगे, जब शर्तें स्पष्ट, स्थिर और पारदर्शी हों। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि टैरिफ में दी गई छूट या रियायतें अस्थायी राजनीतिक फैसलों की भेंट न चढ़ें। विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ रेट कोटा जैसी व्यवस्थाएं भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भविष्य में किसी भी समय नई शर्तें जोड़ सकता है। भारत को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को केवल निर्यात अवसर के रूप में न देखे, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने की रणनीति के साथ जोड़े। अमेरिकी नीति में दिख रही अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भारत को जल्दबाजी में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेना चाहिए। समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही आगे बढ़ना समझदारी होगी। कुल मिलाकर बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत को उत्साह नहीं, बल्कि संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यही नीति देश के किसानों, उद्योगों और उभरते उद्यमियों के हितों की वास्तविक रक्षा कर सकेगी।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

# बदलता टैरिफ और भारत की रणनीति

> 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन 15% के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का 20% निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय से सिद्ध है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इसका लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति प्रदर्शित कर सकता है।

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी, क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। ये नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहां वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट




2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहां निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की शृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहां से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंततः, ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती है, बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता है, तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहां उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीली, विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम-पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति शृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कला बनाम समुदाय
अम्बरीष प्रजापति



# फिल्म 'घूसखोर पंडित' विवाद और अभिव्यक्ति

भारतीय सिनेमा और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है, लेकिन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के नाम पर मचे बवाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1)(a) की सीमाओं को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिल्म के शीर्षक को लेकर न केवल सामाजिक विरोध हुआ, बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना ही पड़ा। फिल्म के निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का शीर्षक जैसे ही सार्वजनिक हुआ। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। जनता की भावना यह थी कि 'घूसखोर' जैसे नकारात्मक विशेषण को एक विशिष्ट जाति सूचक शब्द पंडित के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने और रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अलावा कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। यहां तक कि एफआईआर भी दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माताओं को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को नीचा दिखाने वाला शीर्षक नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। जस्टिस नागरत्ना ने याद दिलाया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विविधता के बीच भाईचारे की अवधारणा रखी थी, जिसे कला के नाम पर खंडित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने दो टूक कहा कि जब तक शीर्षक नहीं बदला जाता, फिल्म रिलीज नहीं होगी। उसके बाद अभी ताजा सुनवाई में फिल्म निर्माताओं ने अदालत में हलफनामा दायर कर सूचित किया कि उन्होंने 'घूसखोर पंडित' शीर्षक को पूरी तरह वापस ले लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फिल्म से संबंधित सभी पुराने प्रोमोशनल मटेरियल हटा दिए गए हैं और नया नाम ऐसा होगा जो पुराने नाम से मिलता-जुलता नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

यह विवाद फिल्म सेंसर बोर्ड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओटीटी के नियमों पर भी सवाल उठाता है। आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों को सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 के तहत कड़े दौर से गुजरना पड़ता है, लेकिन ओटीटी सामग्री को लेकर नियम थोड़े अलग हैं। क्या ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को भी फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के कड़े दायरे में आना चाहिए? यह विवाद कोई पहली बार नहीं है इससे पहले भी पद्मावत, लक्ष्मी, सत्य प्रेम की कथा, बिल्लू बार्बर, रामलीला, मेंटल है क्या, लवरात्रि, पृथ्वीराज और सिंह साहिब द ग्रेट जैसी कई फिल्मों के समय भी हुआ था। धार्मिक प्रतीकों, नाम के गलत इस्तेमाल या सामुदायिक भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के दावों के चलते दबाव में इन फिल्मों के नाम बदलने पड़े थे।

"फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन और जागरूकता होना चाहिए। जब कला विवादों की ढाल बनकर किसी की भावनाओं को आहत करती है, तो वह अपनी मौलिकता खो देती है। 'घूसखोर पंडित' विवाद भारतीय फिल्मकारों के लिए एक चेतावनी भी है और जिम्मेदारी का पाठ भी।"

विवाद के बाद फिल्म के ट्रेलर री-एडिट करने, डिजिटल मार्केटिंग से पुराने नाम के लिंक हटाने और नई ब्रांडिंग करने में आने वाला भारी खर्च का नुकसान होना। विवादों में आने से फिल्म की नेगेटिव पब्लिसिटी से कई बार बड़े ब्रांड्स विज्ञापन से हाथ खींच लेते हैं जिसके कारण भारी आर्थिक नुकसान का खामियाजा झेलना पड़ता है। इसलिए फिल्म निर्माताओं को फिल्म की घोषणा से पहले ही 'सोशल ऑडिट' या कानूनी सलाह लेनी चाहिए ताकि बाद में होने वाले आर्थिक नुकसान व विवाद से बचा जा सके।

सिनेमा समाज का दर्पण है, लेकिन दर्पण को ऐसा नहीं होना चाहिए जो किसी वर्ग विशेष की छवि को विकृत ही कर दे। घूसखोर पंडित विवाद यह सीख देता है कि क्रिएटिव फ्रीडम का अर्थ 'जिम्मेदारी से मुक्ति' नहीं है। कला तभी सार्थक है जब वह समाज को जोड़ने का काम करे, न कि विवादों के जरिए सुर्खियां बटोरने का। फिल्म की सफलता उसके शीर्षक के विवाद में नहीं, बल्कि उसकी कथावस्तु में होनी चाहिए। यदि कहानी दमदार है, तो नाम बदलने से उसकी आत्मा नहीं मरती। फिल्मकारों को अब समझना होगा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में 'अभिव्यक्ति' और 'संवेदनशीलता' को एक ही पटरी पर साथ चलना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहां से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढ़ियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादाविहीन प्रस्तुतियां सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे दृश्य सामने आए हैं जहां विद्यालयों में फूहड़ मनोरंजन के किस्से सामने आए।

*– विवेक चौबे, रायपुर*


## ट्रेंड

### नए युग का साक्षी




आज उत्तर प्रदेश समेत पूरा देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के नए युग का साक्षी बन रहा है। मेरठ मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के नए सेक्शन के शुभारंभ से एनसीआर के लोगों का जीवन और अधिक सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवासियों को बाहर करेंगे



अगर देश नक्सलवाद से मुक्त हो सकता है, तो घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से हटाया जाएगा, बल्कि अगले पांच वर्षों में देश से भी बाहर किया जाएगा। नक्सलवाद को भी 31 मार्च तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। इससे देश लाल आतंक से मुक्त होगा। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### जिम्मेदारी से बोलते हैं राहुल



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। महिला सांसदों पर आरोप लगाए गए। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस सांसद

### ममता की नीति सफल नहीं होगी



शायद ममता बजर्नी को लग रहा है इस बार चुनाव में गैर-बंगाली लोग उनकी पार्टी टीएमसी को वोट नहीं देंगे। इसीलिए वह प्रवासी बांग्लादेशी मजदूरों पर हमले का मुद्दा भुनाना चाहती हैं। लेकिन ममता की यह नीति सफल नहीं होगी। **-अधीर रंजन** चौधरी, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला की आम माफी योजना में रिहा होंगे कैदी



वेनेजुएला में राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए कम से कम 1,557 लोगों ने इस सप्ताह पारित हुए माफी विधेयक के तहत अपने आवेदन जमा कर दिए हैं और उनके रिहा होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पारित किए गए इस कदम से विपक्षी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और महीनों या वर्षों से हिरासत में रखे गए कई अन्य लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने एक तरह से यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा हुआ है। राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इससे पहले दक्षिण अमेरिकी देश के अधिकारी दशकों से किसी राजनीतिक कैदी को हिरासत में रखे जाने की बात से इनकार करते रहे हैं। यह पिछले महीने देश की राजधानी काराकस में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी सेना की कार्रवाई के बाद नीति में आया नवीनतम बदलाव है। 'नेशनल असेंबली' के नेता जॉर्ज रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा, 'आज तक 1,152 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे कुल आवेदनों की संख्या 1,557 हो गई है जिन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## काम पर की वापसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।

हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।




# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।

दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन घूम रहीं कृति!

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं।



## बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम

# फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

*मुंबई।* *साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे*



*ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है।*

### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉड्र्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने की झारखंड की परियोजनाओं की समीक्षा



**रांची।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को झारखंड और बिहार में समूह की परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रमुख बिजली निवेश की समीक्षा की, जो पूर्वी भारत में समूह की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करते हैं।

### दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री



**मुंबई।** भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रुपये में भारी उतार-चढ़ाव रहने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। दिसंबर लगातार सातवां महीना है जब केंद्रीय बैंक ने हाजिर मुद्रा बाजार में शुद्ध रूप से डॉलर की बिक्री की है।

### कच्चे तेल की आयात रणनीति नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही

# सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटाः रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया।

यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है।

#### रूस से दिसंबर 2025 में आपूर्ति 12.8 लाख बीपीडी थी

जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई।




**खास बातें**

- पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता फिर अपनी हिस्सेदारी हासिल कर रहे
- रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है
- भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48 .5 लाख बैरल प्रति

#### बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात को अनुमति

हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी।'' अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।

#### रूस से भारी छूट मिलने के कारण खरीद शुरू की थी

वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में।

#### खाड़ी देशों से आपूर्ति बढ़ते जा रही

जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया कि सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 लाख से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो नवंबर, 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी अरब से आने वाले तेल का प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है।

#### यूएई बना भारत को सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

हालांकि, मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आने की संभावना है।वर्तमान रुझानों के आधार पर, सऊदी अरब फरवरी में भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, जिसके बाद रूस और इराक का नंबर आता है।

# एफएमसीजी कंपनियों को अगले वित्त वर्ष में बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- महंगाई घटने व कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से मुनाफे पर कम दबाव
- अक्टूबर से दिसंबर में कंपनियों ने उच्च स्तर की मात्रा में वृद्धि की

देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है।


आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी। डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है।

#### गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में सस्ता हुआ

ब्रिटानिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हर्गेव ने कहा कि उनकी कंपनी के लिए कच्चे माल की कीमतें स्थिर हैं और मुनाफा अच्छा बना हुआ है। विशेष रूप से गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में थोड़ा सस्ता हुआ है।

# एफएंडओ निपटान की वजह से शेयर बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- ट्रंप के शुल्क विश्लेषक निर्णय भी बाजार पर डालेंगे असर

घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों, मासिक वायदा व विकल्प (एफएंडओ) निपटान और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों के कारण अगले सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मौद्रिक संकेतों से भी बाजार की दिशा तय होगी।

# बिजली की खपत बढ़ने से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोयले की मांग में आने वाले दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ तेजी आने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष में अब तक कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में लगातार महीनों की नेकारात्मक वृद्धि के बाद, दिसंबर में बिजली की मांग में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत सुधार हुआ है। एमजंक्शन एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच और सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है। वर्मा ने कहा, ''कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से जनवरी में भी बिजली की खपत में बढ़ोतरी जारी रही।

## दोपहिया उद्योग 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** दोपहिया उद्योग के दीर्घावधि में सालाना आठ से नौ प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। टीवीएस मोटर कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने यह बात कही है। राधाकृष्णन ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती, बुनियादी ढांचे पर खर्च तथा अर्थव्यवस्था की कुल वृद्धि से दोपहिया उद्योग को रफ्तार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्लेषकों ने कहा कि अगले साल की पहली छमाही भी बिक्री वृद्धि के मामले में 'बहुत अच्छी' रहने की उम्मीद है, क्योंकि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उद्योग को मिलता रहेगा। ' हम दीर्घावधि के आधार पर सालाना आठ से नौ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

## बिजनेस साइट

### 'इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड'

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और भारत की पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए 'को-ब्रांडेड' क्रेडिट कार्ड लांच करने के लिए साझेदारी की है। ये कार्ड दो वेरिएंट्स - 'इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' और 'इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड' में उपलब्ध हैं। दोनों कार्ड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगोब्लूचिप' के माध्यम से अपने खर्च पर रिवॉर्ड कमा सकें। इस साझेदारी का उद्देश्य रोजमर्रा की खरीदारी और यात्रा संबंधी खर्चों पर आसानी और बिना किसी परेशानी के रिवॉर्ड कमाने की सुविधा देना है।

### पतंजलि विश्वविद्यालय में 'अभ्युदय-2025-2026' योगधर्म से युगधर्म' आयोजित




**नई दिल्ली।** हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में वार्षिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महोत्सव 'अभ्युदय 2026' का आयोजन अत्यंत गरिमा, आध्यात्मिक उल्लास और राष्ट्रगौरव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के सजीव समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा। इस वर्ष अभ्युदय कार्यक्रम की थीम 'योगधर्म से युगधर्म' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'योगधर्म से युगधर्म' नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत कर कार्यक्रम में पधारे गणमान्य अतिथियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेवजी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब उस पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं जो पूरी दुनिया का संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र है। आप सभी इस ऋषि संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर इस अनुष्ठान को आगे बढ़ा रहे हैं। नाट्य प्रस्तुति देखकर स्वामी जी ने कहा कि आज एक षड्यंत्र के तहत विश्वगुरु भारत को लेकर कई भ्रामक रील्स चल रही हैं, लेकिन भारत विश्वगुरु था, है और हमेशा विश्वगुरु रहेगा। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे पतंजलि के बालक कभी भी अपने चरित्र से नहीं गिर सकते, यह हमारा आत्मबल, वेदबल व ब्रह्मबल है। यह हमारा रामत्व, कृष्णत्व, हमनुत्व, शिवतत्व व गुरु तत्व है।

#### विश्वविद्यालय को अद्वितीय साधना स्थली बताया

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परमार्थ आश्रम, ऋषिकेश के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द मुनि जी महाराज ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय एक अद्वितीय साधना-स्थली है। योग केवल वैश्विक लोकप्रियता का विषय नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी ने नाट्य प्रस्तुति के सफल आयोजन हेतु साध्वी देवप्रिया जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस नाट्य प्रस्तुति के सफल आयोजन में साध्वी जी ने कुशल नेतृत्व किया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉप्लर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एजर्ली एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## टी20 वर्ल्ड कपः साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों का उम्दा प्रदर्शन, भारतीय बल्लेबाजी क्रम फ्लाप

# साउथ अफ्रीका ने रोका भारत की जीत का सिलसिला सुपर-8 मुकाबले में 76 रनों से हराया, मिलर की फिफ्टी



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्को यानसेन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में रविवार को भारत को 76 रन से हराकर प्रतियोगिता में उसके विजयी क्रम पर रोक लगा दी। भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं गंवाते हुए खिताब जीता था जबकि मौजूदा टूर्नामेंट में उसकी यह पहली हार है। यह रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार भी है।

### 111 रन पर सिमटी टीम इंडिया

दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत यानसेन (22 रन पर चार विकेट), केशव महाराज (24 रन पर 3 विकेट) और कोर्बिन बॉश (12 रन पर 2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम की ओर से सिर्फ शिवम दुबे (42 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, एक चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। ईशान किशन बिना खाता पवेलियन लौटे। तिलक वर्मा सिर्फ एक रन ही बना सके। अभिषेक शर्मा 15 रन बनाने के बाद मार्को जानसेन की गेंद पर पवेलियन लौटे। कप्तान सूर्यकुमार यादव 18 रन बनाने के बाद कॉर्बिन बॉश का शिकार बने। वॉशिंगटन सुंदर 11 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांड्या 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रिंकू सिंह केशव महाराज की गेंद पर आउट हुए और खाता तक नहीं खोल सके।

### *मिलर और ब्रेविस ने की 97 रन की साझेदारी*

*मिलर ने 35 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 63 रन की पारी खेलने के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 97 रन की साझेदारी की, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 24 गेंद में तीन छक्कों और एक चौके से नाबाद 44 रन की पारी खेली। क्विंटन डी कॉक सिर्फ 6 रन बनाकर बोल्ड हुए। कप्तान एडेन मार्करम 4 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद रयान रिकेल्टन 7 रन बनाकर आउट हुए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए। चक्रवर्ती को एक विकेट मिला लेकिन उन्होंने चार ओवर में 47 रन लुटाए। हार्दिक पंड्या ने भी चार ओवर में 45 रन खर्च किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।*

### डेविड ने तोड़ा मैक्सवेल का रिकॉर्ड

डेविड मिलर ने भारत के खिलाफ अपनी 63 रन का पारी के दौरान 3 छक्के लगाए और उन्होंने अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मिलर ने भारत के खिलाफ अब तक कुल 39 छक्के लगाए हैं जबकि मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ कुल 38 छक्के लगाए हैं। तीसरे नंबर पर 3 छक्कों के साथ निकोलस पूरन मौजूद हैं।

### मिलर ने भारत के खिलाफ लगाया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

डेविड मिलर ने भारत के खिलाफ 26 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका की तरफ से भारत के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बैटर भी बने। हालांकि टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर ओवरऑल लिटन दास हैं, जिन्होंने 21 गेंदों पर ये कमाल किया था जबकि दूसरे नंबर पर क्लासेन हैं, जिन्होंने 23 गेंदों पर ऐसा किया था।



## स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का पंड्या बो अर्शदीप | 04 | 7 | 0 | 0 |
| क्विंटन डिकॉक बो बुमराह | 06 | 7 | 1 | 0 |
| रिकेल्टन का दुबे बो बुमराह | 07 | 7 | 0 | 1 |
| ब्रेविस का अभिषेक बो दुबे | 45 | 29 | 3 | 3 |
| मिलर का तिलक बो चक्रवर्ती | 63 | 35 | 7 | 3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 44 | 24 | 1 | 3 |
| यानसेन का रिंकू बो अर्शदीप | 02 | 6 | 0 | 0 |
| बॉश का एवं बो बुमराह | 05 | 6 | 1 | 0 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 11

**कुल:** 20 ओवर में सात विकेट पर 187 रन

**गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-28-2, बुमराह 4-0-15-3, चक्रवर्ती 4-0-47-1, वाशिंगटन 2-0-17-0, पंड्या 4-0-45-0, दुबे 2-0-32-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान का रिकेल्टन बो मारक्रम | 00 | 4 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का बॉश बो यानसेन | 15 | 12 | 2 | 1 |
| तिलक वर्मा का डिकॉक बो यानसेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव का ब्रेविस बो बॉश | 18 | 22 | 2 | 0 |
| वाशिंगटन सुंदर का डिकॉक बो बॉश | 11 | 11 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे का का एनगिडी बो यानसेन | 42 | 37 | 1 | 3 |
| हार्दिक पंड्या का स्टब्स बो महाराज | 18 | 17 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह का स्टब्स बो महाराज | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह का स्टब्स बो महाराज | 01 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह का मारक्रम बो यानसेन | 00 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05

**कुल:** 18.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 111 रन

**गेंदबाजी:** मारक्रम 1-0-5-1, यानसेन 3.5-0-22-4, रबाडा 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-15-0, महाराज 3-0-24-3, बॉश 3-0-12-2

### *बुमराह ने अर्शदीप और अश्विन को पीछे छोड़ा*

*सुपर-8 मुकाबला में गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक शानदार उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में अब बुमराह टॉप पर आ गए हैं। बुमराह ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 ओवर में केवल 15 रन खर्च करके 3 विकेट झटके। इसके साथ ही उन्होंने अर्शदीप सिंह और अश्विन को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक 33 विकेट अपने नाम किए हैं।*

### *हम इससे बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थेः सूर्यकुमार*

*भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी शिकस्त के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम बल्लेबाजी में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। सूर्यकुमार ने कहा, ' शुरुआत में हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। सात से 15वें ओवर के बीच उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर हमने वापसी की।' उन्होंने कहा, ''बहुत अच्छी गेंदबाजी की लेकिन और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। कभी-कभी आपको सोचना पड़ता है कि आप पावरप्ले में मैच नहीं जीत सकते।*

## खबर संक्षेप




### 25 मार्च से दोहा में आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी, जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने कहा, 'यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।''आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, 'इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारुपन दिखाने के बावजूद खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। स्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा। भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

# टीम इंडिया लगातार दूसरी बार बनी चैंपियन, बांग्लादेश को हराया

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारत ए ने 2023 में फाइनल में बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था।



### तेजल ने की 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज वृंदा दिनेश और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। पहला विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई।

### प्रेमा की फिरकी का जादू बांग्लादेश 88 रन पर सिमटी

भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया, जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। सिर्फ 4 बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर में रन बनाने में कामयाब रहे। बांग्लादेश के किए सबसे ज्यादा रन शमीमा सुल्ताना ने बनाए। उन्होंने 16 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। इसके अलावा सरमिन सुल्ताना ने 29 बॉल पर 18 रन का योगदान दिया।

# मेस्सी का जादू, 75 हजार से अधिक दर्शकों से भरा स्टेडियम

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिल्स एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम



की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।

## सुपर 8 में अंग्रेजों ने खोला खाता, श्रीलंका के खिलाफ लगातार 12वां टी20 मैच जीता




एजेंसी ▶▶| पल्लेकेले

इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मैच में 51 रन से जीत दर्ज की। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 12वीं जीत रही। श्रीलंकाई टीम ने 20 मई 2014 को पिछली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच जीता था, जिसके बाद से इंग्लैंड ने श्रीलंका को लगातार 12 टी20 मुकाबलों में मात दी है। इस बीच इंग्लैंड ने दो बार 8-8 विकेट से भी मैच अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड सुपर-8 के दूसरे ग्रुप में नंबर एक पर पहुंच गई है। 24 फरवरी को इंग्लैंड की अगले मैच में भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होगी।

## करकेरा ने जीती नई दिल्ली मैराथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे, 13 मिनट, 10 सेकंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे, 15 मिनट, 04 सेकंड के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया। महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालीफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया।

## रियाल मैड्रिड हारा, विनिसियस जूनियर ने दागा शानदार गोल

स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट




**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी जीता आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

इंग्लिश प्रीमियर लीग



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं। न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।


## छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)

मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं0 74, सेक्टर-24,नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

विज्ञप्ति सूचना क्रमांक/ऋण/वसूली/1355 **//अचल संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा सूचना//** दिनांक 21/02/2026

(वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 एवं सहपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमों 2002 के नियम-8 के अंतर्गत)

यह कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता जो छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्या0, मुख्यालय रायपुर के प्राधिकृत अधिकारी है, हो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत प्राप्त अधिकार के तहत् संबंधित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस जारी कर एवं कब्जा लेने के पश्चात् निम्न अचल संपत्ति जो बैंक के पक्ष में बंधक है, जहां है एवं जैसा है के आधार पर नीलामी के द्वारा बिक्री करने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | बैंक शाखा | ऋणी का नाम, ऋण खाता क्रमांक व पता | संपत्ति धारक का नाम | संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | दि.21.02.2026 पर ऋण शेष | प्रारक्षित मूल्य रू. | अमानत/धरोहर राशि रू.(EMD) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शारदा चौक रायपुर | श्री किशोर सोलंकी एवं श्रीमती बीना सोलंकी आवास ऋण खाता क्र-103000353240 व्यक्तिगत ऋण खाता क्रं-103000788192 पता-त्रिमूर्ति नगर,रायपुर(छ.ग.) | श्री किशोर सोलंकी पिता श्री जयंतीलाल सोलंकी | खसरा नं.: 291/5.पटवारी ह.नं: 108/38 वार्ड नं.: 23, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड रकबा:344.32 वर्गफुट स्थितः फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) **चर्तुसीमा** उत्तर-डी/8 संजय जैन का मकान दक्षिण- डी/6 जितेन्द्र जेठवा का मकान. पूर्व-रास्ता. पश्चिम-डी/12 पांडे का मकान | 34,06,581.00 | 15,12,000.00 | रू.1,51,200.00 |
| 2 | शारदा चौक रायपुर | श्री संतोश हुमनेकर आवास-ऋण क्रं-103000694065 व्यक्तिगत ऋण खाता क्रं-103000709447 छ0ग0 गृह निर्माण मंडल मकान नं. एल.आई.जी.-543, दोंदेखुर्द, तहसील धरसींवा जिला रायपुर। | श्री संतोश हुमनेकर पिता श्री ज्ञानेश्वर हुमनेकर | खसरा नं.: 220/2, 220/3, 220/4 पटवारी ह.नं.:13 वार्ड नं.: वार्ड क्र.: रकबाः 899.75 वर्गफुट स्थितः रायपुर, रायपुर (छ.ग.) **चर्तुसीमा** उत्तर-सिनीयर एल.आई.जी-502, दक्षिण- सिनीयर एल.आई.जी-504, पूर्व-सिनीयर एल.आई.जी-507, पश्चिम- 9 मी रोड | 16,98,879.00 | 17,45,000.00 | रू.1,74,500.00 |
| 3 | शारदा चौक रायपुर | श्रीमती रेखा देवी एवं श्री मांगू सिंह आवास-ऋण क्रं-103002093936 बंधक ऋण क्रं-103002356692 साईनाथ चौक विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर। | श्रीमती रेखा देवी पति श्री मांगू सिंह | खसरा नं.: 476/56 एवं 476/57 पटवारी ह.नं.:107/50 वार्ड नं.: रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्र.02 रकबाः 200 एवं 600 वर्गफुट स्थितः रायपुर, रायपुर (छ.ग.) **चर्तुसीमा** उत्तर-पांडे की भूमि दक्षिण- राव की संपत्ति,पूर्व-रास्ता, पश्चिम-पराते की संपत्ति | 35,08,606.00 | 35,84,000.00 | रू.3,58,400.00 |
| 4 | शारदा चौक रायपुर | श्रीमती सरिता कोमरा एवं श्री विष्णु कुमार कोमरा आवास-ऋण क्र-103002282812 आवास-ऋण टॉप अप क्रं-103002321035 गौरा चौरा के पीछे,शिव नगर,न्यू चंगोराभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर। | श्रीमती सरिता कोमरा पति विष्णु कुमार कोमरा | खसरा नं.:660/49 पटवारी ह.नं.:104/57 वार्ड नं.: माधवराव सप्रे वार्ड क्र.69 रकबा:1335 वर्गफुट स्थितः रायपुर,रायपुर (छ.ग.) **चर्तुसीमा**-उत्तर-जियालाल ठाकरे की भूमि, दक्षिण-विसाहिन वर्मा का मकान, पूर्व-आशा बाई सेन का मकान, पश्चिम- रास्ता | 41,70,628.00 | 42,04,000.00 | रू.4,20,400.00 |

1.निविदा प्रपत्र एवं उससे संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के दस्तावेज (टेंडर फॉर्म) की बिक्री बैंक के शाखा-शारदा चौक रायपुर में दिनांक 24.02.2026 से आरंभ होकर दिनांक 01.03.2026 समय प्रातः 11:00 बजे से 16:00 बजे तक होगी। निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू0 100/- मात्र होगी।

2.इच्छुक खरीददार अपने ऑफर बैंक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित धरोहर राशि का डिमांड-ड्राफ्ट के साथ जो छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर के नाम पर देय होगी,दिनांक 02.03.2026 को दोपहर 14:00 बजे के पूर्व **शाखा-शारदा चौक, रायपुर** में जमा कर सकते हैं, तथा **निविदा के लिफाफे के ऊपर अचल संपत्ति के क्रय हेतु निविदा लिखें। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 01.03.2026 है।**

3.इच्छुक खरीददार यदि उक्त संपत्ति का स्थल पर जा कर निरीक्षण करना चाहे तो वे निविदाकर्ता संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क निरीक्षण कर सकते हैं।

4.निविदा खुलने की तिथि 02.03.2026 समय 16:00 बजे होगी, जो बैंक की शाखा-शारदा चौक, रायपुर में खोली जावेगी। यदि निविदाकर्ता उपस्थित होंगे तो वे निविदा खोलने की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी दे सकते हैं।

5.बगैर धरोहर राशि के जमा की गई निविदा रद्द कर दी जावेगी। समस्त निविदाकर्ताको तय राशि का 10% तुरन्त जमा करना होगा, शेष 90% राशि निविदा खुलने के 15 दिन के भीतर जमा करना आवश्यक होगा। इसका उल्लंघन होने पर जमा एवं धरोहर राशि राजसात करली जावेगी। विशेष परिस्थिति में प्राधिकृत अधिकारी को लिखित आवेदन करने एवं बैंक व खरीददार के मध्य 90% राशि जमा करने की तिथि कुछ समय के लिए बढ़ाई जा सकती है।

6.यह कि ऋणी/संपत्ति बंधक कर्ता यदि निविदा खुलने के एक दिन पूर्व तक संपूर्ण ऋण राशि एक मुश्त जमा कर देते हैं तो उनकी अचल संपत्ति की बिक्री निरस्त/समाप्त कर दी जावेगी एवं उक्त संपत्ति निविदाकर्ता को उसके निविदा-पत्र बगैर खोले उसी स्थिति में वापस कर दी जावेगी।

7.यह कि उपरोक्त वर्णित तथ्य, नियम एवं शर्तों का संक्षिप्त विवरण है, जिसका पूर्ण विवरण बैंक शाखा शारदा चौक, रायपुर में उपलब्ध रहेगा। निविदा जमा करने के पूर्व किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु प्राधिकृत अधिकारी या बैंक के शाखा प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः-रायपुर,(छ.ग.)
दिनांकः- 21.02.2026

प्राधिकृत अधिकारी
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या.(अपेक्स बैंक) मुख्यालय नवा रायपुर




# इस मंदिर में अविवाहित जोड़ों को मंदिर में नहीं मिलता प्रवेश

ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर न केवल एक भव्य धार्मिक केंद्र है। लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं. इस मंदिर का इतिहास ऐसा है कि कई बातें आज भी लोगों के लिए रहस्य बनी हुई हैं। दुनिया भर में प्रसिद्ध इस मंदिर से जुड़े कुछ नियम और रहस्य हमेशा लोगों को हैरान करते हैं। मंदिर की परंपरा के अनुसार, इस नियम का कारण भगवान कृष्ण की प्रिय राधारानी से जुड़ा हुआ है। एक बार राधारानी भगवान कृष्ण के जगन्नाथ रूप के दर्शन के लिए पुरी आईं, जब वह मंदिर में प्रवेश करने वाली थीं, तो वहां उपस्थित पुजारियों ने उन्हें मंदिर के द्वार पर ही रोक दिया। बाहरी लोगों को यह नियम अजीब लग सकता है, लेकिन स्थानीय श्रद्धालुओं और पुजारियों का कहना है कि इस नियम का उल्लंघन करने से जोड़े और मंदिर की पवित्रता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित जोड़ों का प्रवेश वर्जित है

यह सुनकर कई लोग सोच सकते हैं कि इसके पीछे कोई सामाजिक या प्रशासनिक नियम है, लेकिन मंदिर के पुजारी और स्थानीय किंवदंतियां कहती हैं कि इस परंपरा की जड़ें एक पौराणिक कथा में हैं, जो सीधे भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी से जुड़ी है। अविवाहित जोड़ों (चाहे वे प्रेम में हों या सगाई में हों, लेकिन विवाहित न हों) को जगन्नाथ पुरी में प्रवेश की अनुमति नहीं है. आइए जानते हैं इसके



### राधारानी ने पूछा इसका कारण

राधारानी को आश्चर्य हुआ और उन्होंने इसका कारण पूछा। तब पुजारियों ने उन्हें बताया कि वह श्री कृष्ण की प्रेमिका हैं और जगन्नाथ के इस रूप में केवल विवाहित पत्नियों को ही प्रवेश की अनुमति है। राधारानी बहुत दुखी और क्रोधित हुईं। राधारानी ने श्राप दिया कि आज से, कोई भी अविवाहित जोड़ा इस मंदिर में प्रवेश नहीं कर पाएगा। जो भी अविवाहित जोड़ा यहां प्रवेश करेगा, वह अपने प्रेम में कभी सफल नहीं होगा और उसका प्रेम अधूरा रहेगा। राधारानी द्वारा दिया गया यह श्राप तब से आज तक लागू है।

### अब सख्ती से किया जाता है पालन

पुरी जगन्नाथ मंदिर के पुजारी और प्रशासन इस परंपरा का पूरी श्रद्धा और सख्ती से पालन करते हैं। अगर अविवाहित जोड़े गलती से भी मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें तुरंत रोक दिया जाता है। वहीं पुरी के लोग इस नियम को सिर्फ एक परंपरा नहीं मानते, बल्कि वे इसे भगवान जगन्नाथ और राधारानी की इच्छा मानकर इसका पालन करते हैं।

## रोचक खबरें



### जमीन के 8040 फीट नीचे, 57 किमी तक अंधेरे में दौड़ती ट्रेन

जमीन पर फर्राटे से दौड़ती ट्रेन तो देखा होगा, हवा में झूलते पुल से गुजरती ट्रेन भी देखी होंगी। समंदर पर दौड़ते रेल का सफर भी किया होगा और ट्रेन के सुरंग के अंधरे में गुम होने पर तालियां भी बजाई होगी, लेकिन आज एक ऐसे सफर पर ले जा रहे हैं, जहां ट्रेन जब टनल में घुसती है तो 57 किमी की सफर तय करने के बाद ही निकल पाती है। हम बात कर रहे हैं दुनिया की सबसे लंबी और सबसे गहरी रेल सुरंग गॉटार्ड बेस टनल की।

स्विटजरलैंड का गॉटार्ड बेस टनल दुनिया का सबसे लंबा और सबसे गहरा रेल टनल है। ये सुरंग इतना लंबा और गहरा है कि इसे बनाने में 17 साल लग गए. 2400 से 2600 से अधिक मजदूरों ने दिन-रात काम कर इस रेल सुरंग को साल 2016 में तैयार कर दिया। यह रेल सुरंग स्विस आल्प्स के नीचे से होकर गुजरती है और उत्तरी और दक्षिणी यूरोप को जोड़ने का काम करती है। इस सुरंग की वजह से ज्यूरिख से मिलान का सफर महज 3 घंटे हो जाता है, जिसे पहले 5 से साढ़े 5 घंटे लगते थे। इस सुरंग को बनाना आसान नहीं था। इसे बनाने में 3.1 करोड़ चट्टानों को निकालना पड़ा। 2400 से अधिक मजदूरों ने काम किया। 3 मजदूरों की निर्माण के दौरान मौत भी हो गई।

# यह कीड़ा नहीं, चलता-फिरता खजाना है...

**नई दिल्ली।** हम अक्सर कीड़ों को देखकर डरते हैं या उन्हें नुकसानदायक मानते हैं, लेकिन कुछ कीड़े इतने खास होते हैं कि उनकी कीमत सुनकर आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। आज हम बात कर रहे हैं दुनिया के सबसे महंगे कीड़े की, जिसकी कीमत लाखों रुपये तक पहुंच चुकी है।

### कीड़े का नाम है यार्सागुंबा

इस कीड़े का नाम है यार्सागुंबा, जिसे 'हिमालयी वियाग्रा' भी कहा जाता है। यह एक तरह का फंगस है जो एक खास कीड़े के शरीर पर उगता है। नेपाल, तिब्बत और भारत के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में यह कीड़ा पाया जाता है और इसकी तस्करी से लेकर ब्लैक मार्केट तक में जबरदस्त डिमांड रहती है।

### क्यों है दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा, कहां मिलता है



यार्सागुंबा कोई आम कीड़ा नहीं है, बल्कि यह एक कीड़े और फंगस का मिलाजुला रूप है। यह ओफियोकोर्डिसेप्स साइनेन्सिस नाम के फंगस द्वारा बनता है, जो कैटरपिलर की बॉडी में परजीवी की तरह पनपता है। ये कीड़े हिमालय की बर्फीली पहाड़ियों जैसे उत्तराखंड, सिक्किम, नेपाल और तिब्बत में मिलते हैं। गर्मियों में लोग इन ऊंचाई वाले इलाकों में जाकर इन्हें इकट्ठा करते हैं।

## कीमत 20 लाख रुपए किलो, डिमांड की यह वजह



### कीमत कितनी है और क्यों है इतनी ज्यादा?

यार्सागुंबा की कीमत बाजार में 20 लाख प्रति किलो तक जा सकती है। इसकी इतनी ऊंची कीमत की सबसे बड़ी वजह है इसकी दवा के रूप में लोकप्रियता। यह पारंपरिक चीनी और तिब्बती चिकित्सा में यौन आकर्षण बढ़ाने, थकान दूर करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल होता है। यही कारण है कि चीन, जापान और कोरिया में इसकी जबरदस्त डिमांड है।

### बढ़ती तस्करी और कानून की नजर में यार्सागुंबा

इस कीमती कीड़े की डिमांड इतनी ज्यादा है कि इसकी अवैध तस्करी अब चिंता का विषय बन चुकी है। कई देशों ने इसके संग्रहण और बिक्री पर नियम बनाए हैं, फिर भी ब्लैक मार्केट में इसकी तस्करी धड़ल्ले से होती है। भारत में भी वन विभाग इसकी निगरानी करता है, लेकिन कई बार लोग चोरी-छिपे इसे बर्फीले जंगलों से निकालते हैं और मोटी रकम में बेचते हैं।



### दुनिया के इन देशों में मौजूद हैं सबसे ज्यादा ज्वालामुखी

ज्वालामुखी धरती की ऊपरी परतो में बने शक्तिशाली छेद होते हैं और इनमें जमीन के नीचे से गर्म लावा, राख और गैसें बाहर निकलती हैं। कुछ देशों में ये इसलिए ज्यादा होते हैं क्योंकि ये धरती के सबसे सक्रिय टेक्टोनिक सीमाओं पर मौजूद हैं। इंडोनेशिया में 130 से ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी मौजूद हैं जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह देश इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट, पैसिफिक प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच में स्थित है जिस वजह से यहां ज्वालामुखियों की संख्या इतनी ज्यादा है। जापान में 100 से भी ज्यादा एक्टिव ज्वालामुखी मौजूद हैं क्योंकि यह 4 मुख्य टेक्टोनिक प्लेटों के मिलने की जगह पर स्थित है। इस कारण से जापान मे नियमित रूप से विस्फोट और हर साल हजारों भूकंप के झटके आते हैं। यूएसए में लगभग 65 सक्रिय ज्वालामुखी हैं जिसमें से ज्यादातर ज्वालामुखी अलास्का में स्थित है। अकेले अलास्का में ज्वालामुखी गतिविधि कई देशों से ज्यादा है क्योंकि यह रिंग ऑफ फायर के उत्तरी किनारे पर मौजूद हैं। रूस के कामचटका प्रायद्वीप में लगभग 30 सक्रिय ज्वालामुखी हैं।



### भारत की ऐसी रहस्यमयी झील, जो दिन में कई बार बदलती है पानी का रंग

भारत में कई ऐसी जगह हैं, जो देश और विदेश के पर्यटकों को खूब पसंद आती है। भारत में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक प्राकृतिक सुंदरता दिखाई देती है। इनमें हिमाचल प्रदेश का दुर्गम जिला लाहौल-स्पीती भी शामिल है। यहां की प्राकृतिक सुदरता देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों को खूबसूरत वादियां, ग्लेशियर और ऊंचे पहाड़ अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। यहां की बेहद खूबसूरत झीलें सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं।

**चंद्रताल झील बेस्ट कैम्पिंग साइट :** माना जाता है कि यहां पर स्थित चंद्रताल झील बेस्ट कैम्पिंग साइट है। यहां आकर पर्यटक अपने आपको प्रकृति के बेहद करीब महसूस करते हैं। इस झील को द मून लेक के नाम से भी जाना जाता है। दुनिया की सबसे खूबसूरत झीलों में शुमार चंद्रताल लेक समुद्रतल से 14100 फीट की उंचाई पर स्थित है। सर्दी के मौसम की शुरुआत होते ही यहां पर बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो जाता है जिसकी वजह से यह स्थान तीन से चार महीने तक के लिए बंद कर दिया जाता है।



#### इसलिए खास मान जाती है यह झील

इस झील के पानी के बारे में जानेंगे तो आप हैरान हो जाएंगे। इस झील की खासियत है कि इसका पानी दिन में तीन बार अपना रंग बदलता है। इस झील को 'मीठे पानी की झील' के नाम से भी जाना जाता है। यह झील लाहौल-स्पीति के स्थानीय लोगों के लिए धार्मिक महत्व भी रखती है।


**स्पीति और कुल्लू घाटी के पास स्थित :** यह झील स्पीति और कुल्लू घाटी से कुछ ही दूरी स्थित है। यह एक टापू पर है जिसकी वजह से "अर्धचंद्र" की तरह दिखाई देती है जिसकी वजह से लोग इसे द मून लेक यानी चांदी की झील भी कहते हैं। इस झील का पानी इतना साफ है कि शीशे की तरह चमकता है।

### ये नन्हें खरगोश असल में हैं बहुत होनहार कायम कर चुके हैं अनोखे विश्व रिकॉर्ड

खरगोश छोटे और प्यारे दिखने वाले पालतू जानवर होते हैं, जिनका चंचल स्वाभाव दिल जीत लेता है। आपको खरगोश दिनभर खेलते-कूदते और शरारत करते नजर आ जाएंगे। हालांकि, कुछ ऐसे होनहार खरगोश भी होते हैं, जो अपनी प्रतिभा से इतिहास रच डालते हैं। आज हम आपको कुछ प्रतिभाशाली खरगोशों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होनें कुछ कमाल के विश्व रिकॉर्ड कायम किए हैं। खरगोश छलांग लगाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। औसतन, एक स्वस्थ वयस्क खरगोश 2 से 4 फीट ऊंचा कूद सकता है।

हालांकि, डेनमार्क के एक खरगोश ने अपनी लंबी छलांग के जरिए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। इस खरगोश का नाम याबो था, जिसने 3 मीटर यानि 9 फीट 9.6 इंच लंबी छलांग लगाई थी। यह कमाल उसने 12 जून, 1999 को किया था और अब तक उसका रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ सका है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com